पिला दे ओ मईया

पिला दे ओ मईया/दाती, अपने नाम की मस्ती ॥
**तेरे हवाले, करदी मैंने ॥,,
अपनी जीवन हस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥ ओ मईया/अम्बे,
अपने नाम की मस्ती ॥

मैं तेरे चरणों में आया, "मन में लेकर आशा*" ।
जी भर मुझे पिला दे मईया, "न जाऊँ मैं प्यासा*" ॥
**दाम की मुझको, फ़िक्र नहीं है ॥,,
मँहगी हो या सस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥ ओ मईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

तुझको सर नजराना दे दूँ, "इक ही बूंद पिला दे*" ।
मन यह प्यासा तरस रहा है, "जी भर मुझे पिला दे*" ॥
**सर देकर जो, बूंद मिले इक ॥,,
तो भी जानू सस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥ ओ मईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

रंग की मुझको शर्त नहीं है, "कोई भी रंग पिला दे*" ।
रोज रोज गर नहीं पिलाना, "एक ही बार पिला दे*" ॥
**पीने वाले, दाम ना पूछे ॥,,
महंगी हो या सस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥ ओ मईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

हमने सुन रखे तेरे, "महखाने के ढंग निराले*" ।
मईया दीवाने तेरे सेवक, "पीकर हो गए मतवाले*" ॥
**पिला मुझे भी, तूँ माँ ऐसी ॥,,
पार लगेगी कश्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥ ओ मईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

यही है अरदास दास की, "जग की पालनहारी*" ।
ऐसी मुझे पिला ना उतरे, "पूरी उम्र ख़ुमारी*" ॥
**अब बिना पिए, ना जाए बावरा ॥,,
मिट जाए चाहे हस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥ ओ मईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

तेरे नाम की पीने वाले, "दुनियाँ से नहीं डरते*" ।
सर जाए तो जाए बेशक, "शिकवा कभी ना करते*" ॥
**तेरे हवाले, कर दी अम्बे ॥,,
हमने अपनी कश्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥ ओ मईया,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं तेरे दरबार में आया, "लेकर दिल में आशा*" ।
ऐसी किरपा करदे अम्बे, "मर जाऊँ ना मैं प्यासा*" ॥
**वसा रहे, तेरा महखाना ॥,,
उजड़ जाए चाहे बस्ती,,,
पिला दे,,, जय हो ॥। ओ मईया,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23412/title/pila-de-oh-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |